तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



खबर संक्षेप

चोरी के मामले में पुलिस ने किया बरामद वाहन

बैकुण्ठपुर। पटना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी गई यामाहा मोटरसाइकिल बरामद की है। प्रकरण में एक विधि से संघर्षरत बालक की संलिप्तता पाए जाने पर उसे किशोर न्याय संबंधी विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए किशोर न्याय बोर्ड बैकुण्ठपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने थाना पटना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में खड़ी यामाहा मोटरसाइकिल को 26 अक्टूबर 2026 की रात लगभग 2 से 5 बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। मामले में विधि से संघर्षरत बालक की संलिप्तता सामने आने पर उसे किशोर न्याय बोर्ड बैकुंठपुर, कोरिया के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कोरिया हरीश राठौर के निर्देशन में थाना पटना पुलिस द्वारा की गई।

लगातार बारिश से धान की फसल को नुकसान की आशंका

मौसम की मार: कटाई के लिए तैयार धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कोरिया जिले में बीते 2 दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

- किसानों की चिंता बढ़ी

बुधवार की शाम से शुरू हुआ हल्की बारिश का दौर गुरुवार को भी दिनभर जारी रहा। लगातार बादल छाए रहने और बारिश के कारण धान की फसल को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है।

हालांकि, जिन किसानों की धान की फसल अभी खेतों में खड़ी है, उन्हें फिलहाल ज्यादा नुकसान की आशंका नहीं है, लेकिन जिन किसानों ने पकी फसल की कटाई कर उसे खेतों में छोड़ दिया है या खलिहानों में असुरक्षित तरीके से रखा है, उनकी परेशानी बढ़ सकती है। कोरिया जिले में अभी कुछ ही क्षेत्रों में किसानों ने पकी धान की कटाई शुरू की है। वहीं, मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए अधिकांश किसान कटाई शुरू करने से बच रहे हैं। किसानों के अनुसार, पिछले दो दिनों से हो रही हल्की बारिश से खड़ी धान की फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन कटाई के बाद खेतों में छोड़ी गई फसल के भीगने से नुकसान हो सकता है। हालांकि, मौसम में बदलाव की आशंका को देखते हुए कई किसानों ने खेतों में काटकर रखी ⏭शेष पेज 2 पर



चक्रवात का असर: मौसम में घुली ठंडक

मनेन्द्रगढ़। चक्रवात अर्नब के प्रभाव से मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। बुधवार शाम से रुक-रुककर हो रही बारिश ने वातावरण में ठंडक घोल दी है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है और लोगों को मौसम में पहली बार अच्छी-खासी ठंड का एहसास होने लगा है। दिनभर बादलों की आवाजाही के बाद शाम होते-होते बारिश शुरू हुई, जो देर रात तक रुक-रुककर जारी रही। बारिश के चलते गुरुवार सुबह भी मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के बीच रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। मौसम के इस बदलाव का सीधा असर जनजीवन पर भी देखने को मिला। सुबह घरों से निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों में नजर आए। कई लोगों ने बारिश और ठंड से बचने के लिए छाता तथा गर्म कपड़ों का सहारा लिया। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में हुई इस बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है।

साप्ताहिक बाजार पर पड़ा असर

बैकुण्ठपुर। सोमवार से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। सोमवार दोपहर तेज हवाएं चलीं, हालांकि बारिश नहीं हुई। बुधवार को भी दिनभर बादल छाए रहे और शाम होने से पहले जिला मुख्यालय सहित जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश का यह सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और दिनभर रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। अचानक मौसम में आए बदलाव से बारिश जैसी स्थिति बन गई, जिसके चलते लोगों को एक बार फिर रेनकोट और छाते निकालने पड़े। गुरुवार सुबह से जारी हल्की बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। शहर में लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी सामान्य तरीके से नहीं भर सका। वहीं यात्री बसों में सफर करने वालों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। इसके चलते कई बसों में पर्याप्त यात्री नहीं मिल सके। यात्रियों की कमी के कारण कुछ बसों के निर्धारित फेरे भी प्रभावित हुए। मौसम में अचानक आए बदलाव का असर बाजार, दैनिक कामकाज और यातायात पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला।





खबर संक्षेप



मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन ने किया कवि सम्मेलन

अम्बिकापुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा के अवसर पर मानव कल्याण एवं सामाजिक विकास संगठन द्वारा होटल पंचानन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक राजेश तिवारी व भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, कवयित्री गीता दुबे व डॉ.उमेश पाण्डेय के आतिथ्य एवं साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन डॉ.पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। इस दौरान आशा पाण्डेय ने मिला आदिकवि का जिन्हें, दुनिया में सम्मान, डॉ.पूनम दुबे ने वाल्मीकि ने तप किया, मिला ज्ञान भरपूर, गीता दुबे ने जब मेरा मन घबराया, मैं पास तुम्हारे आया, डॉ.माधुरी जायसवाल ने अकेले भी जीना सिखाती है जिंदगी, विनोद हर्ष ने पग-पग में सुख-दुख का जब इम्तिहान होता है, श्याम बिहारी पाण्डेय ने जब देश हमारा सोया था, जागी आंखों ने रोया था, संतोष दास सरल ने कर्तव्यों की बलिवेदी पर दोनों को शीश चढ़ाना होगा, सीमा तिवारी ने शक्ति स्वरूप सुमंगलकारिणी काज संवारती हो सबकी मां, अंजू पाण्डेय ने रामराज का सपना है तो कर्म राम सा करना होगा, गरिमा शर्मा ने कुछ इश्क होते हैं नहीं मशहूर होने को, तरूणा अग्रवाल ने हृदय में प्रेम का अब नहीं होता है संचार, प्रकाश कश्यप ने बिखरा-बिखरा प्यार जरा देखो तो सही, देवेंद्रनाथ दुबे ने दूर तुमसे हुआ हूं दो पल के लिए, एसपी जायसवाल ने तब की नारी थी सावित्री पति की खातिर यम से भी लड़ जाती थी, प्रताप पाण्डेय ने खुशियों को तुम बोझ क्यूं मानती हो, डॉ.उमेश पाण्डेय ने मैं रूक नहीं सकता, झुक नहीं सकता, टूट नहीं सकता, सत्यप्रकाश दुबे ने हाय पइसा, कहां ले आय पइसा, अजय सागर ने रावण के पुतले को मारा, अब तो दिल का रावण मारो एवं मुकुंदलाल साहू ने बातचीत से कीजिए, हर मसले को दूर रचना सुनाई। अंत में समन्वयक राजेश तिवारी ने कविताओं की समीक्षा की। इस दौरान मंजू तिवारी, राजेंद्र प्रसाद त्यागी, मनबोध राम, ईश्वर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

सहकारी बैंक में विड्रॉल से भुगतान नहीं होने से ग्रामीण परेशान, 30 किमी दूर से आया ग्रामीण लौटा खाली हाथ

ओड़गी। सहकारी बैंक में अपना ही पैसा निकालने के लिए ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। आरोप है कि बैंक मैनेजर संतोष कुमार जायसवाल और कैशियर चंद्रशेखर ने विड्रॉल फॉर्म से नकद भुगतान के बजाय चेक लाना अनिवार्य कर दिया है। इससे दूर-दराज से आने वाले खाताधारकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बांक के आश्रित ग्राम थरगी निवासी पारसनाथ गांव से 30 किलोमीटर दूरी तय कर ओड़गी ब्लॉक मुख्यालय सहकारी बैंक में अपने खाते से 3,500 रुपये निकालने आया था। पारसनाथ विड्रॉल फॉर्म भरकर भुगतान मांगा, लेकिन आरोप है कि मैनेजर ने उन्हें डांट-फटकार कर वापस भेज दिया। नतीजतन लंबी दूरी तय करने के बाद भी उसे अपने खाते से पैसे नहीं मिले। इसी दिन ओड़गी में साप्ताहिक बाजार भी लगता है। ग्रामीण बैंक से पैसे निकालकर सप्ताह भर के राशन और घरेलू जरूरतों का सामान खरीदते हैं। ऐसे में भुगतान नहीं मिलने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में डिप्टी रजिस्ट्रार अनिल कुमार बनाज ने बताया कि पहले खाते का प्रकार देखना होगा। यदि चेक जारी किया गया है, तो उससे भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चेक नहीं होने पर विड्रॉल फॉर्म से भी पैसे निकाले जा सकते हैं।



काली पूजा के लिए की जा रही व्यापक तैयारी, समिति गठित

सूरजपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक माँ काली पूजा समिति द्वारा कालरात्रि माँ काली की पूजा धूमधाम से की जाएगी। जिसके लिए रविवार को अग्रसेन भवन में समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम की भव्यता एवं आयोजित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सार्वजनिक समिति इस वर्ष अपना 17 वां वार्षिकोत्सव मना रही है। नगर के भैयाथान रोड पंचमन्दिर पारा स्थित दुर्गा बाड़ी में होने वाली माँ काली पूजन हेतु भव्य पंडाल निर्माण के साथ व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति के सदस्यों ने बताया कि 8 नवम्बर की दोपहर 3 बजे कलश स्थापना, 4 बजे शिव तांडव, साढ़े पांच बजे चंडी पाठ के पश्चात रात्रि 11 बजे से माँ काली की पूजा प्रारम्भ होगी। रात्रि 2 बजे देवी अभिषेक, प्रातः 3 बजे दीपदान एवं बलिदान, प्रातः 4 बजे पुष्पांजलि, प्रातः साढ़े चार बजे माता रानी का महाभोग ततपश्चात हवन एवं आरती की जाएगी। 9 नवम्बर की संध्या 7 बजे महाआरती पश्चात कन्या पूजन व कन्या भोज एवं महाकाली का भंडारा, माता को चुनरी भेंट, भगवती जागरण तथा गरबा महोत्सव का कार्यक्रम होगा। 10 नवम्बर को सिंदूर दान एवं भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। सम्पूर्ण आयोजन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए समिति के पदाधिकारी बनाये गए है। जिनमे संरक्षक रामकृष्ण ओझा, चंचलेश श्रीवास्तव, मुकेश गर्ग, पवन मितल, अध्यक्ष रूपेश मितल, उपाध्यक्ष रामजी साहू, आशीष गुप्ता, संजीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, कृष्ण मंगल हरिओम अग्रवाल, सचिव अजय सिंह, आशिक सोनी बाबू, सहसचिव प्रविण साहू, विक्की साहू, व्यवस्थापक प्यारे साहू, सुमित मित्तल, राकेश महराज, नितेश गुप्ता,पूजा प्रमुख विकास साहू, स्पर्श श्रीवास्तव को बनाया गया है।

बैठक में शराब बनाने और पीने-पिलाने पर जुर्माना लगाने की गई चर्चा

कंचनपुर, खरसुरा और केवरी के बाद अब कुंवरपुर में पूर्ण शराबबंदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

जिले के लखनपुर विकासखंड में इन दिनों शराबबंदी को लेकर जागरूकता की लहर देखने को मिल रही है। कंचनपुर, खरसुरा और केवरी के बाद अब ग्राम पंचायत कुंवरपुर में भी पूर्ण शराबबंदी की दिशा में पहल शुरू हो गई है। शराब के दुष्परिणामों से गांव और परिवारों को बचाने के उद्देश्य से आयोजित ग्राम सभा की बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट हुईं और पंचायत में शराबबंदी लागू करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

खास बात
- विकासखंड में शराबबंदी की बयार

लखनपुर विकासखंड के कंचनपुर, खरसुरा और केवरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी को लेकर चल रही पहल के बीच अब कुंवरपुर का नाम भी इस मुहिम से जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों की एकजुटता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से शराबबंदी की उम्मीद मजबूत हुई है। ग्राम पंचायत कुंवरपुर में शराब बंदी को लेकर लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने गांव में शराब बनाने, बिक्री करने के साथ शराब पीने पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान शराब पीने-पिलाने और शराब बनाने वालों पर भारी जुर्माना लगाने का प्रस्ताव भी चर्चा में आया। ग्राम सभा में मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों ने शराबबंदी को लेकर अपनी सहमति जताते हुए इसे गांव के सामाजिक वातावरण में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच चमन सिंह, पंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने शराबबंदी की पहल को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। हालांकि ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी लागू करने के लिए आगे क्या कदम उठाए जाएंगे और प्रस्ताव को किस तरह अमलीजामा पहनाया जाएगा यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।



बैठक में शामिल ग्रामीण।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्राम सभा में हुई चर्चा और लिए गए निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे। यदि ग्रामीणों की यह पहल प्रभावी रूप लेती है, तो कुंवरपुर में शराबबंदी की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत साबित हो सकती है। ग्राम सभा की बैठक में सरपंच चमन सिंह, मनीता सिंह, उप सरपंच पंचम सिंह पैकरा, पंच राम जतन मानमति, अन्य पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

महिलाओं की एकजुटता से बढ़ी उम्मीद

ग्राम कुंवरपुर में शराबबंदी को लेकर हुई इस पहल में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। ग्रामीणों का मानना है कि शराब की लत के कारण कई परिवारों को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गांव में शराबबंदी लागू होने से परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार, घरेलू विवादों में कमी और सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

कुंवरपुर पर टिकी निगाहें

लखनपुर विकासखंड के कंचनपुर, खरसुरा और केवरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शराबबंदी की गई है। कुछ दिनों पूर्व ही ग्राम पंचायत केवरी में शराब पीने तथा बनाने के वाले लोगों के विरूद्ध न सिर्फ कार्रवाई की गई बल्कि हजारों रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। ऐसे में अब शराबबंदी मुहिम में कुंवरपुर का नाम भी जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों की एकजुटता और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से शराबबंदी की उम्मीद मजबूत हुई है।

26वें राज्योत्सव का विधायक भईयालाल करेंगे शुभारंभ

आयोजन में बिखरेगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा



बैकुण्ठपुर। छग राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 2 नवंबर को बैकुंठपुर में 26वें राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में स्थानीय प्रतिभाओं के साथ प्रदेश के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। प्रसिद्ध लोकगायक संजय सुरीला के छत्तीसगढ़ी लोकगीत कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होंगे। समारोह के शुभारंभ अवसर पर बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सायं 4 से 5:30 बजे तक स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सायं 5:30 से 6 बजे तक मुख्य अतिथि का आगमन एवं उद्घाटन कार्यक्रम होगा। इसके बाद सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। सांस्कृतिक संध्या में अंबिकापुर के संजय सुरीला छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति देंगे। रायपुर की किरण शर्मा एंड ग्रुप महारास एवं मोर नृत्य प्रस्तुत करेगी। बिलासपुर के वाइब्रेशन डांस स्टूडियो की वेस्टर्न डांस प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र होगी। नरेंद्र जलक्षत्रिय एवं सुश्री शिल्पा सिंह कथक नृत्य, निनवा का जय दुर्गा पंडवानी दल पंडवानी तथा रायपुर का सियाधेश म्यूजिक सुगम संगीत की प्रस्तुति देगा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बताया कि राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं और व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। आयोजन स्थल पर शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से नागरिकों को योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी मिलेगी। कलेक्टर श्रीमती यादव ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे 2 नवंबर को सपरिवार राज्योत्सव में शामिल होकर स्थानीय प्रतिभाओं और कलाकारों का उत्साहवर्धन करें तथा आयोजन को सफल बनाएं।

सेवा सेतु केंद्रों के संचालकों और ऑपरेटरों को मिला प्रशिक्षण

बैकुण्ठपुर। आम नागरिकों को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं का लाभ समय पर दिलाने के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद पंचायत बैकुंठपुर में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें जिले के सेवा सेतु केंद्रों के संचालकों एवं ऑपरेटरों को विभिन्न सेवाओं की आवेदन प्रक्रिया और समयबद्ध निराकरण की जानकारी दी गई। ई-जिला मैनेजर राकेश ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रशिक्षण में कक्षा नवमी एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बताया गया साथ ही प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। संचालकों और ऑपरेटरों को बताया गया कि विद्यार्थियों के आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी न हो। प्रशिक्षण के दौरान शासन की विभिन्न सेवाओं के संबंध में भी जानकारी दी गई, जिससे नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज समय पर प्राप्त हो सकें। ईडीएम ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए जारी किए जाने वाले ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया। नए सेवा सेतु केंद्रों के संचालकों को पोर्टल के संचालन एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आवेदकों को सही मार्गदर्शन देने, आवेदन प्रक्रिया सुगम बनाने और पात्र नागरिकों को समय पर सेवाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए घुटरा का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

मनेन्द्रगढ़। जिला एमसीबी के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटरा का राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वर्ष 2023-24 के तहत बाल हितैषी पंचायत थीम में नामांकन हुआ है। इसी क्रम में पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली के सीनियर पीपीएस सुरिंदर कुमार शर्मा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी), हैदराबाद की कंसल्टेंट श्रीमती निशा बारी परनामी की संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत घुटरा पहुंचकर विभिन्न संस्थानों का भौतिक निरीक्षण एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय टीम ने ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं विद्यालयों में संधारित अभिलेखों का अवलोकन कर संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

टीम ने बाल हितैषी पंचायत थीम के अंतर्गत बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं उनके समग्र विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही पंचायत स्तर पर संचालित गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह, जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शिक्षक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए ग्राम पंचायत घुटरा का नामांकन जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह निरीक्षण पुरस्कार की मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसके माध्यम से पंचायत स्तर पर बच्चों के हित में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का सत्यापन किया जा रहा है।



कैशलेस चिकित्सा सुविधा को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर फेडरेशन ने जताया आभार

बैकुण्ठपुर। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा उनके परिवारों के लिए बहुप्रतीक्षित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। फेडरेशन ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। गंभीर बीमारी अथवा आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में उपचार के लिए तत्काल बड़ी धनराशि की व्यवस्था करने की चिंता कम होगी। कर्मचारी हित में लिया गया यह निर्णय चिकित्सा सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शीघ्र आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का वास्तविक लाभ मिल सके। फेडरेशन ने यह भी उल्लेख किया कि कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन निरंतर संघर्षरत रहा है। कैशलेस चिकित्सा सुविधा इन प्रमुख मांगों में शामिल थी। फेडरेशन ने इस मांग को पूरा करने की दिशा में शासन द्वारा लिए गए निर्णय को कर्मचारी संगठनों के निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण परिणाम बताया।



सशिमं में कोरिया विभाग स्तरीय समिति की बैठक

मनेंद्रगढ़। भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रनिष्ठा पर आधारित शिक्षा के माध्यम से भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में सरस्वती शिक्षा संस्थान, छग रायपुर के तत्वावधान में अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत कोरिया विभाग स्तरीय समिति की पदाधिकारी बैठक बुधवार, को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनेंद्रगढ़ में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में विभागीय समिति के पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए संगठन की कार्यपद्धति, शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयीन व्यवस्थाओं तथा संस्कारयुक्त शिक्षा के विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाना, कार्यकर्ताओ के मध्य समन्वय स्थापित करना तथा विद्यालयों के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञान, चरित्र, अनुशासन, कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करना रहा। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें संस्कारवान, कर्तव्यनिष्ठ, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। भारतीय संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जुड़ी शिक्षा विद्यार्थियों में जीवनमूल्यों का संचार करती है तथा उन्हें समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराती है। पदाधिकारियों ने संगठन के निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए योजनाबद्ध कार्यप्रणाली, परस्पर सहयोग, सक्रिय सहभागिता एवं दायित्वों के निष्ठापूर्वक निर्वहन की महत्ता पर बल दिया।



विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति गीतों और कविताओं की प्रस्तुति

पटना। शहीदों के सम्मान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 27 अक्टूबर को थाना पटना पुलिस द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय पटना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं, गीतों एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, एकता, अखंडता और देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना व्यक्त की। इस दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, आपसी भाईचारा बनाए रखने और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी पटना सुंदरलाल नरेटी, शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

बैकुण्ठपुर। सखी वन स्टॉप सेंटर में रिक्त सेवाप्रदाता पदों की पूर्ति हेतु अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2026 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। तत्संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची. अवलोकन कोरिया जिले की वेबसाईट व कार्यालय के सूचना पटल किया जा सकता है।

वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत बैठक



मनेन्द्रगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 28 अक्टूबर 2026 को अहिंसा भवन, मनेंद्रगढ़ में वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑब्जर्वर डॉ. देवाशीष पटनायक, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव सुश्री जारीता लैतफलांग, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं जिला प्रभारी उत्तम वासुदेव, जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, जिला महामंत्री रफीक मेमन, अकरम मंसूरी की उपस्थिति में अभियान की रणनीति, संगठनात्मक तैयारियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई, बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, बी एल ए मंडल अध्यक्षों एवं कांग्रेसजनों ने सहभागिता की। इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर की टीम ने गणेश उत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता की अपने नाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

ग्राम पंचायत कालामांजन स्टेडियम ग्राउंड मे गणेश उत्सव समिति कालामांजन द्वारा विगत 41 वर्षों से संभाग स्तरीय गणेश उत्सव फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बेन बहादुर सिंह के नेतृत्व व मार्गदर्शन में होते आ रहा है। फाइनल मुकाबला प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर विरूद्ध एमएफसी कपसरा के बीच खेला गया। जिसमें प्रगति इलेवन लक्ष्मीपुर ने फाइनल मैच 0-1 से जीत हासिल की। इस वर्ष प्रतियोगिता में 4 जिले की कुल 16 टीमों ने भाग लिए।

फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन के अवसर समिति संरक्षक बेनबहादुर सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलराम सोनी ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक स्वस्थ होता है। बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। समिति संरक्षक संजय कुमार यादव ,बाबूलाल सिंह, संदीप साहू,राजेश नायर, गौरी सिंह जनपद सदस्य, नेहा सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच का सफल संचालन समिति सचिव सुरेश कुमार यादव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन समिति संरक्षक राम गुलाब सिंह द्वारा किया गया। समिति द्वारा सर्वप्रथम भूतपूर्व दिवंगत खिलाड़ियों के पत्नीयों को शाल व मेमोन्टो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को नकद राशि सहित शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्रीमती गौरी सिंह, संदीप साहू, राजेश नायर, लाला राम, देवनाथ, बाबूलाल सिंह, धर्म प्रसाद पटेल, शुभम सिंह, राम मोहर यादव,केशव प्रसाद सिंह, ,धर्मराज सिंह, शंकर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, अचल धारी सिंह, भुवनेश्वर सिंह, अरुण सिंह, नीरज सिंह,चंद्र बली राजवाड़े, अभिमन्यु सिंह, मो. शाकिर अंसारी, प्रशांत सिंह, दानी पाण्डेय, शशी जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में 10 महाविद्यालयों की टीमों ने लिया भाग

बलरामपुर। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में प्राचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा के संयोजन में 24 एवं 25 अक्टूबर को परिक्षेत्र स्तरीय वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम विजेता तथा राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर की टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रतियोगिता को रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धा पूर्ण बनाया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विनोद कुर्रे, पवन पाटले, चोवाराम देवांगन, खगेश्वर प्रसाद कश्यप, सुजीत प्रजापति, अनुज गुप्ता एवं आरिफ खान रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अर्चना गुप्ता ने खिलाड़ियों के उत्साह एवं प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन संयोजक डॉ. अश्विनी विश्वकर्मा ने सभी प्रतिभागी टीमों, क्रीड़ा अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान जॉन पीटर टोप्पो, वर्षा गुप्ता, मनोरंजन कुमार, धीरज मिश्रा, अशोक एक्का, प्रदीप सैनी, सोनाली गोस्वामी, महेश्वर प्रसाद राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।



पृष्ठ 1 का शेष


मौसम की मार:...

धान की फसल को समेटकर सुरक्षित कर लिया है। वहीं, खलिहानों में रखी फसल को भी ढंककर सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। जिले के ज्यादातर क्षेत्रों में पकी धान की फसल अभी खेतों में खड़ी है। ऐसे में मौसम साफ होने के बाद कटाई शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

बारिश और बादलों से फसल में बीमारी का खतरा- जिले में बुधवार की शाम से हल्की बारिश शुरू हुई, जो गुरुवार को भी दिनभर जारी रही। इससे पहले भी दो-तीन दिनों तक आसमान में बादल छाए रहे। लगातार बादल और नमी बने रहने से पूरी तरह नहीं पकी धान की फसल में कीट प्रकोप और रोग लगने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे मौसम में फसल पर बीमारी का प्रकोप बढ़ने से उत्पादन में कमी आने के साथ ही धान की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। पहले से ही मौसम की अनिश्चितता से चिंतित किसानों के सामने फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है।

हवाओं से खेतों में गिर गई धान की फसल- कोरिया जिले में चक्रवाती तूफान का व्यापक असर नहीं देखा गया, लेकिन बुधवार शाम से गुरुवार तक हल्की बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में हवाएं भी चलीं। इसके कारण कई जगह खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है। ऐसे खेतों में यदि पानी का भराव हो जाता है, तो फसल के खराब होने की आशंका बढ़ सकती है। इससे किसानों को उत्पादन में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मौसम साफ होने पर कटाई करने की सलाह- मौसम में लगातार बदलाव को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम साफ होने के बाद ही पकी धान की फसल की कटाई करें। जिन खेतों में पानी भर गया है, वहां पहले जल निकासी की व्यवस्था करें। साथ ही, कटाई के बाद फसल को खुले में छोड़ने के बजाय सुरक्षित स्थान पर रखें और बारिश से बचाने के लिए उसे अच्छी तरह ढंक दें, ताकि फसल को भीगने से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।



ऑपरेशन सिंदूर में लीड रोल करेंगे कार्तिक

मुंबई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' देशभर में चर्चा का विषय रहा था। अब इस पर फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में कार्तिक आर्यन को बतौर लीड हीरो साइन किया गया है। यह फल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर बेस्ड होगी। इस फिल्म का ऐलान विवेक अग्निहोत्री ने मार्च में किया था, लेकिन अब इससे जुड़ी कुछ और दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं।

लाइफ Style

सारा

मेरे पास कोई गॉडफादर नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने करियर, परिवार और नेपोटिज्म जैसे मुद्दे पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता सैफ अली खान ने उन्हें कोई फिल्म दिलाने के लिए अर्जी कभी नहीं दी।

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान एक बार फिर नेपोटिज्म यानी परिवारवाद को लेकर अपने बयान के कारण चर्चा में हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाली सारा ने स्वीकार किया कि उनके पारिवारिक बैकग्राउंड ने इंडस्ट्री में एंट्री पाने और पहचान बनाने में मदद की है। हालांकि, उनका मानना है कि नेपोटिज्म पर लगातार होने वाली बहस कई बार कलाकारों की मेहनत को नजरअंदाज कर देती है। सारा ने अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए मां अमृता सिंह के साथ बिताए समय का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह अपनी मां के साथ रहती हैं और उनके पिता सैफ अली खान ने उनके फिल्मी कॉन्ट्रैक्ट या फिल्मों में काम दिलाने के लिए निर्माताओं के चक्कर नहीं लगाए। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी मां के साथ रहती हूं। मेरे पिता ऐसे नहीं थे कि दफ्तरों में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत करते या लोगों से मेरी फिल्मों में कास्ट करने की गुजारिश करते, भीख मांगते या मिन्नतें करते। जब 'केदारनाथ' के दौरान समस्या आई थी, तब मैं खुद उसे सुलझा रही थी। उस समय मेरे साथ कोई नहीं था। यह दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर बिल्कुल नहीं रहा।'



हॉलीवुड मसाला



फीका जा रहा विद्युत का हॉलीवुड डेब्यू

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में विद्युत जामवाल को अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन उनका नाम इंडस्ट्री में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। अब एक्टर ने अपना हॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ते का वक्त हो चुका है। इस फिल्म के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। स्ट्रीट फाइटर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को लचर प्रदर्शन किया है और फिल्म 50 लाख भी नहीं कमा सकी है।



लौट रही है 'द रिंग्स ऑफ पावर' की जादुई दुनिया

नई दिल्ली। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। मिडिल-अर्थ की जादुई दुनिया एक बार फिर दर्शकों को रोमांच और रहस्य से भरी कहानी दिखाने के लिए तैयार है। इस मशहूर फैंटेसी सीरीज के तीसरे सीजन का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। नए ट्रेलर में पहले से ज्यादा खतरनाक जंग, अंधेरे की बढ़ती ताकत और कई बड़े संघर्षों की झलक देखने को मिलती है। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर का तीसरा सीजन 11 नवंबर को रिलीज होने वाला है। सीजन 3 की कहानी एरेगियन के पतन के पांच साल बाद की घटनाओं पर आधारित है, जब मिडिल-अर्थ में एक बड़ी जंग छिड़ जाती है।



हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी पायर

मुंबई। विनोद कापड़ी की फिल्म पायर 30 अक्टूबर को भारत में हिंदी और मलयालम में रिलीज हो रही है। फिल्म 'पायर' भारत में रिलीज होने से पहले ही दुनियाभर में डंका बजा चुकी है। अब तक 18 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है। भारत का हृदय गांव में बसता है। मगर, व्यक्ति रोजगार व अन्य जरूरतों के लिए गांव से शहर की तरफ पलायन करता है। दिल में उम्मीद होती है कि एक दिन गांव में वापसी होगी। पीछे छूट गए मां-बाप भी इसी आस में होते हैं कि संतान अपने ठौर लौटेगी। मगर, जिंदगी थोड़ी अलग तरह चलती है। माता-पिता के इंतजार और बच्चों के गांव वापसी की उम्मीद...दोनों चलती रहती हैं। कुछ इसी पर आधारित है फिल्म 'पायर'। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी की यह फिल्म कई इंटरनेशनल फिल्म समारोह में पहले ही तालियां बटोर चुकी है।



मेरे यार बजरंगी में नजर आएंगे किशन

मुंबई। अभिनेता रवि किशन माइथोलॉजिकल फिल्म में नजर आने वाले हैं। पोस्टर के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। 'मेरे यार बजरंगी दोस्ती हो तो ऐसी' टाइटल वाली इस फिल्म में रवि किशन पर्दे पर बजरंगी के दोस्त बनकर छाने वाले हैं। यह फिल्म दिवाली 2027 में रिलीज होगी। इस भक्ति ड्रामा फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिलहाल तो फिल्म के पोस्टर ने पर्याप्त दिलचस्पी पैदा कर दी है। पोस्टर में रवि किशन एक दमदार, लेकिन सादगी भरे अवतार में हैं। पोस्टर में उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है, सिर्फ मुट्ठी बांधने की सिंबॉलिक इमेज भी है। एक हाथ रुद्राक्ष और रक्षा सूत्र पहने शख्स का है। वहीं दूसरा हाथ बजरंग बली का है, जो श्री राम नाम का पटका और रुद्राक्ष की माला पहने हुए हैं। दोनों को एक दिव्य चिंगारी जोड़ती है।

टीवी मसाला




कपिल के शो पर शाहिद मीरा और ईशान का धमाल

नई दिल्ली। कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शोः सीजन 5' के दिवाली स्पेशल एपिसोड में शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत कपूर और भाई ईशान खट्टर के साथ नजर आने वाले हैं। इस एपिसोड का पहला प्रोमो बुधवार को नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। 1 मिनट 52 सेकेंड का ये प्रोमो काफी मजेदार है। कपिल के शो पर शाहिद, ईशान और मीरा सिर्फ हंसते हुए ही नहीं दिखे हैं, बल्कि ये तीनों मेहमान खूब जोक भी मारते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा के शो पर शाहिद कपूर और ईशान खट्टर ने झिंग झिंग झिंगाट गाने पर स्टेज हिला दिया। इस दौरान कपिल शर्मा ने मीरा सवाल किया कि शायद ये आपका पहला टीवी अपियरेंस है, जिसपर मीरी ने हां में जवाब दिया। इस दौरान शाहिद कपूर ने 'उड़ता पंजाब'के दौर का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया, "उड़ता पंजाब जब पूरी की तो, आपको मालूम है कि एडिटिंग रूम में आपको बुलाकर दिखाते हैं फिल्म, ये मेरे साइड में बैठी हुई थीं। फिल्म खत्म हुई तो ये सोफे के उस तरफ बैठ गई।' इस पर कपिल शर्मा ने मजाक में कहा, 'कबीर सिंह देखकर शादी होतीये तो मा जाती।' इस दौरान शाहिद कपूर ने खुलासा किया कि बचपन में उन्होंने ईशान खट्टर के डायपर भी बदलते हैं। वो कहते हैं, "बचपन में मैंने इसके डायपर बदले हैं। बुढ़ापे में ये कह रहा है कि मेरे बदल देगा।' शाहिद की इस बात पर ईशान खूब हंसते दिखाई दिए। जब अर्चना ने सवाल किया कि क्या आप बच्चों को बहुत प्यार देने वाले पिता हैं तो इस पर मीरा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा. ये बहुत बिगाड़ते हैं, लेकिन गलत तरह से नहीं।'

नविका और मजेन की सगाई टूटी

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में माया खेरा का किरदार निभा चुकीं एक्ट्रेस नविका कोटिया ने जनवरी में पुणे बेस्ड बिजनेसमैन मजेन मोदे के साथ अपनी सगाई अनाउंस की थी। हालांकि, हाल ही में इस कपल ने अपनी सगाई कैंसिल कर दी है। जानकारी के मुताबिक दोनों इसी साल शादी प्लान कर रहे थे। अब नविका ने मजेन के साथ सगाई से जुड़ी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया से डिलीट कर दी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक नविका और मजेन इसी साल जुलाई में अलग हो चुके हैं। दोनों के बीच तालमेल नहीं बैठ पाने की वजह से ऐसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक शुरू में दोनों के बीच चीजें ठीक थीं, लेकिन फिर इधर सगाई और शादी की तैयारियां शुरू हुईं और उधर चीजें बिगड़नी शुरू हो गईं। मजेन ने दोनों का रिश्ता खत्म होने और उनके रास्ते अलग कर लेने की खबर की पुष्टि की है।



पहली बार करवा चौथ मनाएंगे ये सेलिब्रिटी कपल

मुंबई। करवा चौथ का त्योहार इस साल 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस खास मौके पर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। आम लोगों की तरह बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में भी इस त्योहार की खास रौनक देखने को मिलती है। खास बात ये है कि इस साल कई मशहूर सेलिब्रिटी कपल्स के लिए करवा चौथ बेहद खास होने वाला है, क्योंकि शादी के बाद यह उनका पहला करवा चौथ होगा। इस लिस्ट में रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा से लेकर कृतिका कामरा-गौरव कपूर और अर्जुन रामपाल-गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स तक के नाम शामिल हैं।







रश्मिका - विजय : साउथ सिनेमा के चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस साल 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने राजस्थान के उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी रचाई। इस दौरान तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों से दो अलग-अलग विवाह समारोह आयोजित किए गए थे। लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखने वाले इस कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रही थीं। अब शादी के बाद 29 अक्टूबर को दोनों का पहला करवा चौथ होगा।

नूपुर-स्टेबिन : बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की छोटी बहन नूपुर और मशहूर सिंगर स्टेबिन बेन ने भी इसी साल अपने रिश्ते को शादी का नाम दिया। दोनों ने जनवरी 2026 में उदयपुर में शादी रचाई थी। कपल ने अपनी शादी में दो अलग-अलग परंपराओं को शामिल किया। पहले क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी हुई और फिर हिंदू परंपराओं के अनुसार विवाह की रस्में निभाई गईं। दोनों की शादी की तस्वीरों ने फैंस का खूब ध्यान खींचा था। अब नूपुर और स्टेबिन के लिए भी इस साल का करवा चौथ शादी के बाद पहला होगा।

आकांक्षा- शरण : एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन कपूर और फिल्म डायरेक्टर शरण शर्मा ने 11 जुलाई, 2026 को शादी रचाई थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर के गार्डन में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। खास बात यह रही कि कपल ने शादी के लिए वही तारीख चुनी, जिस दिन चार साल पहले उनके रिश्ते की शुरुआत हुई थी। शादी के दौरान आकांक्षा साड़ी में नजर आई थीं, जबकि शरण ने ऑफ-व्हाइट बंदगला पहना था। आकांक्षा की करीबी दोस्त आलिया भट्ट भी शादी के जश्न का हिस्सा बनी थीं। शादी के करीब तीन महीने बाद यह कपल अपना पहला करवा चौथ आने वाला है।

कृतिका और गौरव : टीवी और ओटीटी की मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा ने 11 मार्च, 2026 को स्पोर्ट्स प्रेजेंटर गौरव कपूर से शादी की थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर में सादगी से रजिस्टर्ड मैरिज की थी। इस खास मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद थे। शादी के बाद कपल ने अपने दोस्तों के लिए एक सेलिब्रेशन भी रखा था, जिसमें युवराज सिंह, जहीर खान और मलाइका अरोड़ा समेत कई सितारे शामिल हुए थे। शादी के बाद कृतिका लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आई थीं। अब कृतिका और गौरव के लिए भी इस साल का पहला करवा चौथ बेहद खास है।

लॉस एंजिलिस में बजा रामायण का डंका

नई दिल्ली। 'रामायणः राइज ऑफ ए लीजेंड' की लॉस एंजिलिस में खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश शामिल हुए। रेड कार्पेट पर सितारों का अंदाज और 'जय श्री राम' के नारों ने ध्यान खींचा। लॉस एंजिलिस में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों के लुक ने भी लोगों का ध्यान खींचा। भगवान राम की भूमिका निभा रहे रणबीर कपूर सिल्वर रंग की शिमरी बंदगला ड्रेस में नजर आए। उनके लुक में पारंपरिक भारतीय पहनावे के साथ आधुनिक अंदाज की झलक दिखाई दी। वहीं, फिल्म में माता सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी लाल रंग की जरदोजी साड़ी पहनकर पहुंचीं। साड़ी पर बारीक कढ़ाई का काम था। उन्होंने अपने लुक को सादगीपूर्ण रखा और खुले बालों के साथ हल्का मेकअप चुना। दूसरी ओर, रावण की भूमिका निभाने के साथ फिल्म के निर्माता के तौर पर भी जुड़े यश ने ऑल-ब्लैक आउटफिट पहना। उन्होंने अपने लुक को आकर्षक ब्रोच और काले चश्मे के साथ पूरा किया। यश के साथ उनकी पत्नी और अभिनेत्री राधिका पंडित भी मौजूद थीं। राधिका हरे और सुनहरे रंग की सिल्क साड़ी में नजर आईं।



डेविड गेफेन थिएटर में हुई 3डी स्क्रीनिंग

फिल्म की विशेष 3डी स्क्रीनिंग एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स के डेविड गेफेन थिएटर में आयोजित की गई। इस थिएटर में करीब 945 लोगों के बैठने की क्षमता है। कार्यक्रम में फिल्म की टीम के अलावा कई चर्चित हस्तियां और खास मेहमान भी शामिल हुए। इनमें जेडा पिंकेट स्मिथ, रोहिणी अय्यर, बेंजी केली और जिसेला मारेंगो के नाम शामिल हैं। हालांकि, फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले रवि दुबे और शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली रकुल प्रीत सिंह इस प्रीमियर में नजर नहीं आए।

दिलवाले दुल्हनियां से बागबान तक, इन फिल्मों में दिखा त्योहार का जादू

चांद का दीदार, पति से प्यार... फिल्मों में सेलिब्रेट किया गया करवा चौथ

नई दिल्ली। करवा चौथ का त्यौहार हर शादीशुदा महिला के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। निर्जल रहकर कई औरतें अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती हैं और चांद देखने के बाद पानी पीकर व्रत खोलती हैं। सिनेमा में भी करवाचौथ के फेस्टिवल को काफी ग्रैंड लेवल पर सेलिब्रेट किया गया है। एक अरसे से करवा चौथ के व्रत की महत्वता को फिल्मों में दिखाया जा रहा है।

दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे

शाह रुख और काजोल की सबसे फेवरेट फिल्मों में से एक दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे है। इस कल्ट फिल्म के एक सीन में सिमरन राज के लिए पूरे दिन भूखी प्यासी रहकर करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब वह राज को ये बताती है, तो वह सिमरन को प्यार से डांट देता है। लेकिन वह जिद ठान लेती है कि व्रत खोलेगी तो सिर्फ राज (Shah Rukh Khan) के हाथ से। जैसे ही त्यौहार सेलिब्रेट होने लगता है, सिमरन बेहोश होने का नाटक करती है और राज खुद उसे पानी पिलाता है। ये सीन दिलवाले दुलहनियां के सबसे यादगार सीन्स में से एक हैं।

कभी खुशी कभी गम

शाह रुख खान की सिर्फ डीडीएलजे में ही नहीं, बल्कि कभी खुशी कभी गम में भी करवा चौथ के त्यौहार की महत्वता को दिखाया गया है। करण जौहर की फिल्म में विदेश में बैठी महिलाओं के लिए भी ये फेस्टिवल कितना मायने रखता है, इसे बहुत ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।





बागबान

पति-पत्नी भले ही एक दूसरे से दूर हो या पास, लेकिन अगर उन्होंने चाह लिया तो भी वह इस व्रत को रखकर एक-दूसरे की लंबी उम्र की कामना कर सकती हैं। ये ही अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर फिल्म बागबान में दिखाया गया है। जहां दोनों हर साल एक-दूसरे के लिए व्रत करते हैं। हालांकि, एक समय ऐसा आता है, जब उनके बच्चे उन्हें एक-दूसरे से अलग कर देते हैं, लेकिन जुदा होकर भी वह करवाचौथ का व्रत रखते हैं और फोन पर व्रत खोलते हैं।

बीवी नं. वन

करिश्मा कपूर और सलमान खान स्टारर फिल्म बीवी नं वन का करवाचौथ सीन काफी आइकॉनिक है, क्योंकि उसमें एक महिला के प्यार और पुरुष की चीटिंग का भी एक पहलू दिखाया गया है। फिल्म में सलमान खान का किरदार करवा चौथ के बीच अपनी पत्नी को धोखा देकर गर्लफ्रेंड का फास्ट खुलवाने जाता है।

इश्क-विश्क

शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी दर्शकों की फेवरेट रही है। उनकी साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म में भी करवा चौथ का सेलिब्रेशन दिखाया गया है, जहां छुपते-छुपाते अमृता राव, शाहिद कपूर के लिए व्रत रखती हैं। शाहिद भी उनसे ये वादा करते हैं कि वह उनका व्रत खुलवाने जरूर आएंगे।

खबर संक्षेप

केबल तार चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बैकुण्ठपुर। केबल तार चोरी के मामले में पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए तांबे के तार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना पटना में अपराध क्रमांक 195/2025 के तहत केबल तार चोरी का प्रकरण दर्ज है। मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त जानकारी और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में चोरी किए गए केबल तार को काटकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाने और उसे बेचने से संबंधित तथ्य सामने आए। आरोपियों के बताए अनुसार चोरी किए गए तांबे के तार बरामद किए गए। वहीं, चोरी के तार बेचकर प्राप्त राशि आपस में बांटने के संबंध में भी विवेचना की गई। पुलिस ने मामले में राजकुमार अगरिया, पिता गणेश अगरिया और विजय अगरिया, पिता महेश अगरिया, दोनों निवासी ग्राम कस्केला, जिला सूरजपुर, छग को गिरफ्तार किया है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। कोरिया पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि चोरी अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। चोरी का सामान खरीदने से बचें और अपराधियों को संरक्षण न दें। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

युवा प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

बैकुण्ठपुर। छग शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले की स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए आगामी 31 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में आयोजित यह एक दिवसीय उत्सव प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के युवाओं से उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव युवाओं की रचनात्मकता, कला और सांस्कृतिक प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के माध्यम से युवाओं को देश के समावेशी विकास के लिए अपने अभिनव विचार साझा करने का अवसर भी मिलेगा। उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी के रूप में भाग ले सकेंगे। संगतकारों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। प्रत्येक प्रतिभागी किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में केवल एक विधा में भाग ले सकेगा। खेल अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आयोजन की सभी प्रशासनिक एवं व्यवस्थागत तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पटना में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



पटना। श्री श्री 109 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मध्य नगरी पटना कबड्डी का फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व नपा अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल शामिल हुए। आयोजक समिति के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर श्री जायसवाल का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप गायत्री सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष पटना, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष विजय सिंह, रेखा वर्मा पार्षद, गौरव अग्रवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष पटना, अमित सिंह, सुनील सिंह मंडल उपाध्यक्ष ,प्रियंका कुसुम सोनी, अमित जायसवाल, गौरव सिंह पार्षद, परेश सिंह पार्षद, अमन देवांगन, शंकर देवांगन, सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री, राधा सोनी, वसीम खान, लाल दास महंत आदि मौजूद रहे।

बोड़ेबहरा में सड़क के अभाव ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें | **बीमार महिला को मुख्य सड़क तक पहुंचाने के लिए करना पड़ा संघर्ष**

खाट पर 2 किमी पैदल ले गए परिजन, अस्पताल पहुंचने के दौरान महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर





जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पाराडोल के आश्रित ग्राम बोड़ेबहरा से स्वास्थ्य सुविधाओं और ग्रामीण सड़क संपर्क की स्थिति को उजागर करने वाला एक दर्दनाक मामला सामने आया है। बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए परिजनों को खाट का सहारा लेना पड़ा। वे महिला को खाट पर लिटाकर करीब दो किलोमीटर तक पैदल चले और दुर्गम रास्तों से होते हुए मुख्य सड़क तक पहुंचे। इसके बाद निजी वाहन से महिला को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने के दौरान महिला की मौत हो गई।

घटना ने गांव में सड़क जैसी बुनियादी सुविधा की जरूरत को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, बोड़ेबहरा में सड़क सुविधा के अभाव के कारण बीमार महिला को अस्पताल पहुंचाने में परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाने की जरूरत थी, लेकिन गांव तक सुगम सड़क मार्ग उपलब्ध नहीं होने से परिजनों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई। ऐसे में परिजनों ने महिला को खाट पर लिटाया और उसे लेकर पैदल ही मुख्य सड़क की ओर निकल पड़े। पगडंडियों और दुर्गम रास्तों से होते हुए करीब दो किलोमीटर का सफर तय करने के बाद वे मुख्य सड़क तक पहुंचे। वहां से निजी वाहन की मदद से महिला को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। बोड़ेबहरा की घटना केवल एक परिवार की पीड़ा तक सीमित नहीं है। यह उन ग्रामीणों की समस्याओं की ओर भी ध्यान खींचती है, जिन्हें आज भी बुनियादी आवागमन सुविधा के लिए जूझना पड़ता है। सड़क का सीधा संबंध स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आपातकालीन सेवाओं से है। गांव तक पहुंचने योग्य सड़क नहीं होने पर एंबुलेंस और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच भी प्रभावित हो सकती है। विशेषकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए ऐसी परिस्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी जरूरी है।

सड़क बने तो कम हो सकती है ग्रामीणों की परेशानी

बोड़ेबहरा के ग्रामीणों के लिए सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल तक पहुंचने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभाग को गांव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर सड़क संपर्क की समस्या का आकलन करना चाहिए।

प्रशासनिक पहल का इंतजार

इस घटना के बाद गांव में सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता फिर सामने आई है। सवाल यह है कि बोड़ेबहरा तक सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अब तक क्या प्रयास किए गए हैं और ग्रामीणों की इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग की क्या योजना है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के आधार पर महिला की मौत का प्रत्यक्ष कारण और सड़क के अभाव से मौत का सीधा संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता।

पीजी कॉलेज में तनाव प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवनशैली पर कार्यशाला

सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन पर जोर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में 29 अक्टूबर को तनाव प्रबंधन एवं स्वस्थ जीवनशैली जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की डिजिटल लाइब्रेरी में आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन आईक्यूएसी, मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ तथा हेल्थ एंड लाइफ स्टाइल कोच वेलनेस सर्कल-24 के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम समिति संयोजक प्रो. अनुरंजन कुजूर एवं प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय तनाव प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली जागरूकता एवं तनाव से ताकत तक रहा। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. एम.सी. हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में व्यक्ति प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों पर पढ़ाई, परीक्षा, करियर और रोजगार के साथ पारिवारिक अपेक्षाओं का भी दबाव रहता है। शैक्षणिक एवं सामाजिक वातावरण में बढ़ता दबाव मानसिक तनाव का महत्वपूर्ण कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे अपने जीवन को अधिक संतुलित एवं स्वस्थ बना सकेंगे। कार्यशाला के मुख्य वक्ता हिमांशु दासे ने मानसिक तनाव से ताकत तक के सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को तनाव के कारणों और उसके प्रभावों को समझना आवश्यक है। दैनिक जीवन में तनाव को बेहतर तरीके से संभालने के लिए व्यावहारिक उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने पर्याप्त नींद, नियमित शारीरिक गतिविधियों, व्यवस्थित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली को मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही सकारात्मक सोच, आत्मजागरूकता एवं भावनात्मक संतुलन को तनाव से निपटने का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गौरव कुमार मिश्रा, डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुलदीप ओझा ने किया तथा आभार प्रदर्शन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष देउस्कर ने किया।

सड़क चौड़ीकरण को लेकर जिपं में बैठक आज

व्यापारी और भू-स्वामी होंगे शामिलि, प्रक्रिया आगे बढ़ाने प्रशासन ने शुरू की तैयारी



बैकुण्ठपुर। शहर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर प्रभावित व्यापारियों एवं भू-स्वामियों की आवश्यक बैठक 30 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुण्ठपुर श्रीमती दीपिका नेताम द्वारा इस संबंध में चेंबर ऑफ कॉमर्स बैकुण्ठपुर के अध्यक्ष समेत अन्य को पत्र भेजकर सूचना दी गई है। बैठक अपराह्न 4:30 बजे होगी। इसमें सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियों एवं भू-स्वामियों को शामिल होने की अपील की गई है। विदित हो कि बैकुण्ठपुर शहर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के लिए बीते दिनों बड़ी राशि की स्वीकृति मिल चुकी है। अब इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। प्रभावित व्यापारियों एवं भू-स्वामियों के साथ होने वाली बैठक को इसी प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। आगामी दिनों में सड़क चौड़ीकरण के लिए निविदा का प्रकाशन किए जाने की तैयारी है। इसके बाद प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किए जाने की संभावना है। चौड़ीकरण होने से शहर के मुख्य मार्ग पर आवागमन को सुगम बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

कई वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की जगी उम्मीद

बैकुण्ठपुर शहर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। इसके पहले भी सड़क चौड़ीकरण को लेकर नाप-जोख की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ सका। इस बीच चौड़ीकरण की मांग को लेकर युवाओं ने भी अभियान चलाया था। पूर्व में प्रक्रिया आगे बढ़ने से पहले ही संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के बदल जाने के कारण भी काम आगे नहीं बढ़ पाया था। अब राशि की स्वीकृति मिलने और प्रशासनिक स्तर पर बैठक बुलाए जाने के बाद शहरवासियों को सड़क चौड़ीकरण की मांग पूरी होने की उम्मीद जगी है।

करण हत्याकांड में 7 आरोपी को उम्रकैद



मनेंद्रगढ़। मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र में पिछले साल हुई करण राठौर की हत्या के मामले में सभी 7 आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

प्रकरण के अनुसार दिनांक 05 सितम्बर 2025 को रात्रि लगभग 10:00 बजे से 10:30 बजे के मध्य मनेंद्रगढ़ स्थित बताशा लाइन, हनुमान मंदिर के सामने गली में आरोपियों द्वारा विधि विरुद्ध जमाव बनाकर घातक हथियारों से बल एवं हिंसा का प्रयोग किया गया तथा करण राठौर पर चाकू से प्राणघातक हमला किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में पुलिस द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालयीन विचारण के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर माननीय न्यायालय ने रितिक मिश्रा, सचिन जैन, राशिद खान, अमन केंवट उर्फ बुटई, भावेश पाटिल, रौनिल मिश्रा उर्फ कुक्कू एवं मो. अकरम उर्फ अक्कू को बीएनएस की धारा 191(3) एवं 103(1)/191 के अपराध में दोषसिद्ध पाया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त सातों दोषसिद्ध आरोपियों को बीएनएस की धारा 191(3) के तहत 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदंड तथा बीएनएस की धारा 103(1)/191 के तहत आजीवन कारावास एवं 1,000-1,000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। न्यायालय द्वारा दोनों सजाएं साथ-साथ चलाए जाने का आदेश दिया गया है। अर्थदंड की अदायगी नहीं किए जाने पर आदेशानुसार अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जाएगा। प्रकरण में आरोपी प्रभात सोंधिया उर्फ रवि के विरुद्ध बीएनएस की धारा 249 के आरोप के संबंध में माननीय न्यायालय ने अभियोजन द्वारा आरोप को युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित नहीं पाया। फलस्वरूप न्यायालय द्वारा उसे संदेह का लाभ देते हुए उक्त आरोप से दोषमुक्त घोषित किया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध आरोपियों पर कुल 10,500 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। अर्थदंड की राशि जमा होने पर उसमें से 10,000 रूपए मृतक करण राठौर के माता अथवा पिता को प्रतिकर स्वरूप प्रदान करने तथा शेष 500 रूपए शासन के पक्ष में जमा करने का आदेश दिया गया है।

पुलिस शौर्य फिल्म प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता



बैकुण्ठपुर। पुलिस स्मृति (झंडा) दिवस के अंतर्गत 26 से 30 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए पुलिस शौर्य पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और विचारों का प्रदर्शन किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सलोनी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रिया श्रीवास्तव एवं सुनैना पैकरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता में सलोनी पैकरा प्रथम रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका, पुलिस के शौर्य, बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति जागरूक करना था। पुलिस शौर्य पर आधारित फिल्म के प्रदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को पुलिस के साहस, समर्पण और राष्ट्र के प्रति योगदान से परिचित कराया गया।

सात दिवसीय मेडिटेशन-योग शिविर का समापन आज



बैकुण्ठपुर। योग प्रभाग, देवराहा बाबा सेवा समिति, प्रेमाबाग, बैकुंठपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय मेडिटेशन-योग शिविर का समापन 30 अक्टूबर को होगा। 24 अक्टूबर से सांस्कृतिक भवन, बैकुंठपुर में आयोजित इस शिविर में प्रतिभागियों को ध्यान, योग, जुम्बा एक्सरसाइज, श्वास अभ्यास और सकारात्मक जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योग शिक्षक अनिल शर्मा और सुशील गुप्ता द्वारा योग एवं शारीरिक गतिविधियों का अभ्यास कराया जा रहा है, वहीं विजय सिंह ठाकुर द्वारा मेडिटेशन से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन दिया जा रहा है। शिविर में भगवान गौतम बुद्ध की विपश्यना परंपरा से जुड़ी आनापान ध्यान विधि, मन की एकाग्रता, सात चक्रों की जानकारी, चक्रों पर ध्यान तथा सकारात्मक अफर्मेशन यानी सकारात्मक संकल्प के अभ्यास कराए जा रहे हैं। इन अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्मजागरूकता, मानसिक शांति, आत्मविश्वास और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में योग एवं जुम्बा एक्सरसाइज के माध्यम से शारीरिक सक्रियता, शरीर के लचीलेपन और नियमित दिनचर्या के महत्व को समझाया जा रहा है। साथ ही श्वास अभ्यास और ध्यान के जरिए मन को शांत रखने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आयोजकों का उद्देश्य लोगों को योग और ध्यान की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना तथा उन्हें दैनिक जीवन में नियमित अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना है।

सीईओ ने औचक निरीक्षण कर देखी निर्माण कार्यों की प्रगति

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखें एजेंसियां

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले में विकास के लिए हो रहे प्रत्येक निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सभी अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत योगेन्द्र श्रीवास द्वारा जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अपने औचक निरीक्षण के तहत उन्होने बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरपुर, सलवा, सलका, कंचनपुर एवं बुढ़ार में विकसित भारत जीरामजी योजनांतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और संबंतिधों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर कोरिया के निर्देशन में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के कई ग्राम पंचायतों के औचक निरीक्षण में निकले जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने सबसे पहले ग्राम पंचायत अमरपुर पहुंचकर यहां बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। समय पर कार्य पूर्णता के निर्देश देने के बाद उन्होने अमरपुर में जल संरक्षण के लिए हो रहे कंटूर ट्रेंच कार्य का भी अवलोकन किया। अमरपुर के बाद सीईओ ने ग्राम पंचायत सलबा में बन रहे बालिका शौचालय निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत बोड़ार के आंगनबाड़ी भवन तथा कंटूर ट्रेंच कार्य का अवलोकन किया। अपने निरीक्षण के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का आंकलन करते हुए जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास ने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य ग्राम पंचायत के लिए एक संसाधन की तरह होता है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को सतत पर्यवेक्षण और मूल्यांकन करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए एजेंसियां समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराएं जिससे आम नागरिकों की सहूलियत बढ़ सके।



